**MP BOARD CLASS 12 MODEL PAPER 2020**

**हिन्दी (विशिष्ट) (HINDI SPECIAL)**

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 100

**प्रश्न 1. रिक्त-स्थानों की पूर्ति दिये गये विकल्पों में से उचित शब्द का चयन कर कीजिए-** **5**

(i) भाषा के सीमित एवं क्षेत्रीय रूप को .......... कहते हैं।

(ii) ....... को नई कविता और गीत की संकर सृष्टि माना जाता है। (नवगीत / लोकगीत)

(iii) नैनो टेक्नोलॉजी के तहत मैटेरियल का साइज छोटा कर उसे ...... बना लिया जाता है। (ऑप्टिकल/ नैनोडोमेन)

(iv) श्रव्य काव्य के .......... भेद होते हैं। (दो/तीन)

(v) 'शठे शाठयं समाचरेत' की नीति में विश्वास रखने वाले महामन्त्री ...... थे। (विजय सिंह / विक्रम सिंह)

उत्तर- (i) उपभाषा। (ii) नवगीत, (iii) नैनोडोमेन, (iv) दो, (v) विजय सिंह,

**प्रश्न 2. निम्नलिखित कथनों के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-** **5**

(i) भारतेन्दुयुगीन निबन्धों की विशेषताएँ रही हैं -

(अ) समाज सुधार की भावना (ब) व्यंग्यात्मक भाषा-शैली

(स) राष्ट्रीयता एवं देश-प्रेम (द) उपर्युक्त सभी।

(ii) तुलसीदास के गुरु का नाम था -

(अ) विट्ठलनाथ (ब) नरहरिदास (स) रामानन्द (द) वल्लभाचार्य ।

(iii) 'छोटे-छोटे सुख' पाठ के लेखक का नाम है :

(अ) रामदरश मिश्र (ब) रामनारायण उपाध्याय (स) कुमार गंधर्व (द) डॉ. रामकुमार वर्मा ।

(iv) सही वर्तनी है -

(अ) उज्जवल (ब) उज्ज्व ल (स) उत्ज्वल (द) उजज्वल

(v) रौद्र रस का स्थायी भाव है :

(अ) उत्साह (ब) क्रोध (स) निर्वेद (द) शोक।

उत्तर- (i)-(द), (ii)-(ब), (ii)-(अ), (iv)-(ब), (v)- (ब)।

**प्रश्न 3. निम्नलिखित कथनों में सत्य/असत्य छाँटिए-** **5**

(i) 'छप्पय' सम मात्रिक छन्द है।

(ii) घनानन्द का विरह वर्णन सूरदास के 'भ्रमर-गीत' के समकक्ष माना जाता है।

(iii) कंस देवकी के 'व्योमातीत' रूप को देखकर प्रसन्न था।

(iv) प्रेमचन्द जी के कहानी संग्रह का नाम 'चिंतामणि' है।

(v) 'वाच्य' के पाँच भेद होते हैं।

उत्तर- (i) सत्य, (ii) असत्य, (iii) असत्य, (iv) असत्य, (v) असत्य।

**प्रश्न 4. निम्नलिखित की सही जोड़ियाँ बनाइए-** **5**

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| (1) कविता का गाँधी | (i) मुहावरे |
| (2) मनोवैज्ञानिक पृष्ठभूमि के | (ii) भवानीप्रसाद मिश्र कथाकार |
| (3) उनको पुकारता हूँ | (iii) पंडित जगन्नाथ |
| (4) लक्षणा युक्त छोटे-छोटे वाक्यांश | (iv) जैनेन्द्र कुमार |
| (5) रमणीयार्थ प्रतिपादकः शब्दः काव्यं' | (v) आनन्द मिश्र । |

उत्तर- (1) भवानीप्रसाद, (2) जैनेन्द्र कुमार, (3) आनन्द मिश्र, (4) मुहावरे, (5) पंडित जगन्नाथ।

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर दीजिए-** **5**

(i) भय जब स्वभावगत हो जाता है, तब किसकी संज्ञा प्राप्त करता है।

(ii) 'राष्ट्र के शृंगार' पाठ के रचयिता कौन हैं ?

(iii) 'आह, मेरा गोपालक देश!' यह कथन किसका है ?

(iv) जिस वाक्य में एक प्रधान और एक या एक से अधिक आश्रित उपवाक्य हों उसे कौन-सा वाक्य कहते हैं?

(v) काव्य में जहाँ कारण के न होने पर भी कार्य का होना बताया जाता है, वहाँ कौनसा अलंकार होता है।

उत्तर- (i) कायरता, (ii) श्रीकृष्ण सरल, (iii) महादेवी वर्मा, (iv) मिश्रित वाक्य, (v) विभवान्तर अलंकार।

प्रश्न 6. माँ सरस्वती की वंदना कौन-कौन करता है ? 2

अथवा

मिट्टी कुम्हार को क्या सीख देती है ?

प्रश्न 7. 'नींव के पत्थर' से कवि का क्या तात्पर्य है ? 2

अथवा

'विभावरी' के बीतने पर 'ऊषा नागरी' क्या कर रही है ?

प्रश्न 8. प्राचीनता की खोज बढ़ने पर हम पर क्या प्रभाव पड़ेगा? 2

अथवा

विजय कब सुनिश्चित होती है ?

प्रश्न 9. पार्वती और रूखी डाल के बीच कौन-कौनसी समानताएँ हैं ? 2

अथवा

नदी, द्वीप को आकार किस प्रकार देती है ?

प्रश्न 10. कवि 'मिश्र' ने प्रकृति से भारत को सजानेसँवारने का अनुरोध क्यों किया है ? 2

अथवा

अपने को निर्दोष सिद्ध करने के लिए कृष्ण ने यशोदा को क्या-क्या तर्क दिये ?

प्रश्न 11. रेवती अपने घर को जेलखाना क्यों कहती है ? 2

अथवा

"मुझसे बड़ा तो मेरा नाम है।" लेखक ने ऐसा क्यों कहा है ?

प्रश्न 12. बालिका मनोहर के बारे में क्या सोच रही थी ? 2

अथवा

बचपन के अनुभव स्मृति में क्यों स्थायी होते हैं ?

प्रश्न 13. अच्छे अध्यक्ष के मस्तिष्क की हालत कैसी होती है ? 2

अथवा

किसने श्रीकृष्ण से अपना सशस्त्र स्वीकार कराया ।

प्रश्न 14. ग्वाले ने गाय को सुई क्यों और कैसे खिला दी ? 2

अथवा

कानपुर में किन-किन साहित्यकारों से भगवती चरण वर्मा की मित्रता हुई ?

प्रश्न 15. बोली और भाषा में कोई दो प्रमुख अन्तर लिखिए। 2

अथवा

मुहावरे और लोकोक्तियों में कोई दो प्रमुख अन्तर लिखिए।

प्रश्न 16. वात्सल्य रस का एक उदाहरण लिखिए। 2

अथवा

विशेषोक्ति अलंकार का एक उदाहरण लिखिए।

प्रश्न 17. कवि सोम ठाकुर तथाकथित वर्तमान शहरी विकास से निराश क्यों हैं ? 3

अथवा

लता के गायन की कोई तीन प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 18. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए- 3

(i) राम बुद्धिमान है। (बिना भाव बदले नकारात्मक वाक्य)

(ii) आलसी व्यक्ति उन्नति नहीं कर सकता। (मिश्रित वाक्य)

(iii) मोहन घर पर है। (संदेहवाचक वाक्य)

अथवा

निम्नलिखित का भाव-विस्तार कीजिए –

"बैर क्रोध का अचार या मुरब्बा है।"

प्रश्न 19. मत्तगयंद सवैया का एक उदाहरण लिखिए। 3

अथवा

ब्याज स्तुति अलंकार की परिभाषा उदाहरण के साथ लिखिए।

प्रश्न 20. छायावादी काव्य की तीन विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए दो छायावादी कवियों के नाम लिखिए। 4

अथवा

द्विवेदीयुगीन काव्य की प्रमुख तीन विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए द्विवेदी युग के दो लेखकों के नाम लिखिए।

प्रश्न 21. हिन्दी उपन्यास साहित्य के विकास में प्रेमचन्द के योगदान को निरूपित करते हुए प्रेमचन्द के दो प्रमुख उपन्यासों के नाम लिखिए। 4

अथवा

रेखाचित्र और संस्मरण में तीन अन्तर स्पष्ट करते हुए दो प्रमुख रेखाचित्रकारों के नाम लिखिए।

प्रश्न 22. कबीरदास अथवा जयशंकर प्रसाद का काव्यगत परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए- 4

(i) दो रचनाएँ, (ii) भावपक्ष-कलापक्ष, (iii) साहित्य में स्थान।

प्रश्न 23. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल अथवा पं. रामनारायण उपाध्याय का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए- 4

(i) दो रचनाएँ, (ii) भाषा-शैली, (iii) साहित्य में स्थान।

प्रश्न 24. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- 4

"शब्द सम्हारे बोलिए, .......... कहि सब सन्त सुजान।"

अथवा

"छोड़ देंगी मार्ग तेरा बिघ्न ......... विजय है तेरी सुनिश्चित ।"

प्रश्न 25. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

"अच्छे अध्यक्ष रेडीमेड .........मजा आने लगता है।"

अथवा “यह संसार क्षणभंगुर है .................. में ही बुदबुदे की सार्थकता है।"

प्रश्न 26. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5

"बेहतर दुनिया के निर्माण ............... हिस्सेदारी के सम्भव नहीं ।”

प्रश्न (1) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए ।

प्रश्न (2) उपर्युक्त गद्यांश का उचित सारांश 30 शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 27. निर्धन छात्रकोष से सहायता या छात्रवृत्ति के लिए अपने विद्यालय के प्राचार्य को एक आवेदन-पत्र लिखिए। 5

अथवा

परीक्षा अवधि में 'लाउड स्पीकर' के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाने हेतु जिलाधीश को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबन्ध लिखिए (200-250 शब्दों में)- 7

(i) स्वच्छ भारत अभियान,

(ii) राष्ट्रीयता एकता और अखण्डता,

(iii) भारतीय समाज में नारी का स्थान,

(iv) भ्रष्टाचार : समस्या, कारण और निदान,

(v) दहेज प्रथा

(ब) उपर्युक्त शेष निबन्ध विषयों में से किसी एक निबन्ध की रूपरेखा लिखिए। 3